





# विद्युत विभाग लक्ष्य से आधा भी नहीं वसूल पाया बिजली का बिल

## साढ़े 16 करोड़ अब तक हुई वसूली, लक्ष्य से 98 .26 करोड़ का, बैंक खाता सीज करने के साथ काटे जा रहे कनेक्शन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 फरवरी, विद्युत विभाग उपभोक्ताओं से अपना पैसा नही निकाल पा रहा है. कनेक्शन विच्छेद करने के बाद भी उपभोक्ता बिजली का बिल जमा करने आगे नही आ रहे है. वित्तीय वर्ष समाप्त होने में एक माह शेष बचा है और फरवरी माह की वसूली भी लक्ष्य के अनुसार बहुत कम है. 98.26 करोड़ वसूली का लक्ष्य दिया गया है अभी तक साढ़े 16 करोड़ की वसूली हो पाई है. दस दिन शेष बचे है ऐसे में लक्ष्य कैसे पूरा होगा.**



गौरतलब है कि लच्छ के अनुसार अभी तक 50 फीसदी भी वसूली विद्युत विभाग नही कर पाया है. बकायादारो से पैसा वसूलने में अधिकारियों को पसीना छूट रहा है. नोटिस जारी करने के साथ कनेक्शन काटने की भी कार्यवाही पूरे जिले में चल रही है उसके बाद भी पैसा कम आ रहा है. साढ़े 16 करोड़ की वसूली अभी तक हो पाई है जबकि समय कम बचा है. 98.26 करोड़ का राजस्व लक्ष्य इस माह है और अभी 50 फीसदी भी वसूली नही हो पाई है. सबसे ज्यादा राजस्व शहर संभाग से प्राप्त हुआ है और सबसे कम बिल की वसूली पूर्व संभाग में हुई है. पिछले कई माह से वसूली के मामले में पूर्व संभाग सबसे पीछे है. गत माह भी रीवा सर्किल में बिल की वसूली लक्ष्य से कम हुई थी जिसको लेकर एमडी कार्यालय ने भी नाराजगी जताई थी. बकायादारो पर दबाव बनाने के लिये बैंक खाते भी सीज कराए जा रहे है इसके साथ ही कनेक्शन काटने की कार्यवाही चल रही है. सभी डिवीजन में वसूली को लेकर अलग-अलग टीम बनाई गई है. यहा तक की लाइन स्टाफ एवं उपयंत्री, सहायक यंत्री वसूली में लगे हुए है. फरवरी के बाद मार्च का महीना वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना है. ऐसे में वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये अधिकारी पूरी ताकत झोके हुए है, फिर भी पैसा कम आ रहा है. अधिकारियों की माने तो शनिवार से वसूली अभियना और तेज किया जायेगा. कनेक्शन काटने के साथ रात में फालोअप कार्यवाही होगी और बकायादार कनेक्शन जोड़ेगें उनके खिलाफ प्रकरण भी दर्ज किया जायेगा. 98.26 करोड़ की वसूली तो होना मुश्किल है पर उम्मीद है कि 18 करोड़ तक वसूली पहुंच जाएगी. अधीक्षण यंत्री भी वसूली को लेकर मैदान में उतरे है.

### लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास : शुक्ला

अधीक्षण यंत्री बी .के शुक्ला ने बताया कि विद्युत राजस्व लक्ष्य को लेकर टीम गठित की गई है और प्रयास है कि लक्ष्य के अनुरूप वसूली हो . बड़े बकायादारो के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है . कनेक्शन विच्छेद के लिये अलग-अलग टीम बनाई गई है . अभी दस दिन का समय बचा है प्रयास है कि राजस्व लक्ष्य पूरा कर लिया जाय . जो उपभोक्ता बिजली का बिल जमा नही कर रहे है उनके यहा कुर्की की कार्यवाही की जाएगी .



# कलेक्टर ने डीईओ कार्यालय में छापा मारकर उपस्थिति पंजी सहित अन्य नस्तियां की जब्त

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 फरवरी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया तथा उपस्थिति पंजी एवं अन्य नस्तियाँ जप्त की. शिल्पी प्लाजा स्थित कार्यालय में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया तथा उपस्थित कर्मचारियों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के संपादन की जानकारी प्राप्त की.**

कलेक्टर ने शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ की विभागीय जांच, सतर्कता शिकायतों के संबंध में की जा रही कार्यवाही तथा रमसा में विभिन्न योजनाओं से प्राप्त राशि व प्रदाय राशि की फीडिंग की विस्तार से जानकारी ली. उन्होंने 45 शिक्षकों के लंबित वेतन भुगतान पर नाराजगी व्यक्त की तथा कार्यवाही कर भुगतान करने के निर्देश दिये. कलेक्टर ने शिक्षकों एवं प्राचार्यों के क्रमोन्नति समयमान वेतनमान सहित अन्य स्वत्वों के प्रकरणों से संबंधित नास्तियाँ का निरीक्षण किया तथा कतिपय नस्तियाँ जप्त की.

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संलग्न कर्मचारियों के संलग्नीकरण आदेश प्रस्तुत करने तथा कार्य विभाजन अनुसार कार्य करने वाले कर्मचारियों का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्थापना, वित्त एवं अन्य विभागीय योजनाओं के संबंधित नस्तियों का अवलोकन किया. इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र शुक्ल उपस्थित रहे.

# डॉक्टर को पत्नी ने पकड़ा महिला मित्र के साथ, कर दी धुनाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 फरवरी, विंध्य क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित और बड़े नर्सिंग होम के संचालक एक नामी हृदय रोग विशेषज्ञ को उनकी पत्नी ने एक महिला मित्र के साथ कार के अंदर रंगे हाथ पकड़ लिया.**

जिसके बाद पत्नी ने जमकर हंगामा किया. सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा, जिसका लोगो ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार, डॉक्टर पिछले कुछ समय से अपनी गतिविधियों को लेकर शक के घेरे में थे. जब डॉक्टर अपनी लग्जरी कार से महिला मित्र के साथ शहर के एक इलाके से गुजर रहे थे, तभी उनकी पत्नी ने पीछा कर उनकी कार को बीच सड़क पर रुकवा लिया. जैसे ही डॉक्टर की पत्नी ने कार का दरवाजा खोला और अंदर पति को महिला मित्र के साथ देखा, उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया. वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि डाक्टर की पत्नी महिला मित्र का बाल पकड़ कर खीचते हुए हाथापाई कर रही है और डाक्टर अपनी पत्नी को शांत कराने के साथ बीच-बचाव करते नजर आ रहे है. वीडियो वायरल होने के बाद चिकित्सा जगत में हडकम्प मचा है. चर्चित डाक्टर होने के कारण तेजी से वीडियो वायरल हो रहा है. पति-पत्नी और महिला मित्र केक बीच जब यह ड्रामा चल रहा था तो राहगीरो ने इसका वीडियो बना लिया.

# कलेक्टर ने तीन अधिकारियों को दिया नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 फरवरी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है.**

उन्होंने सहायक संचालक मत्स्य श्रीमती अंजना सिंह को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में लक्ष्य के विरूद्ध अत्यन्त कम उपलब्धि पर नोटिस जारी किया है. इसी प्रकार जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग के.के. पाण्डेय को ट्यामामा आर्थिक कल्याण योजना एवं भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में अत्यन्त कम प्रगति होने तथा सहायक संचालक उद्यानिकी बीएस संगर को प्रधानमंत्री सूक्ष्म लघु खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में कम उपलब्धि पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. कलेक्टर ने तीन दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं.

## संक्षिप्त

### कांग्रेस की बैठक आज

**रीवा,** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन मे भारत अमेरिका ट्रेड डील एवं मनरेगा में बदलाव कर श्रमिको के कानूनी अधिकार पर प्रहार के विरोध मे तथा मध्यप्रदेश सरकार के तीन कंलकित मंत्रियों के इस्तीफे की मांग को लेकर आगामी 24 फरवरी को विधानसभा का घेराव किया जाना हैं . विधानसभा का घेराव करने संबंधी एक विस्तारित तैयारी बैठक उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय मे आज 20 फरवरी को दोपहर 12 :00 बजे आयोजित की गयी हैं . जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंजी . राजेन्द्र शर्मा व शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने सभी से पहुंचने की अपील की है .

### जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक 23 को

**रीवा,** नेशनल डिजिटल लाइव स्टॉक मिशन की प्रगति, कार्यक्रम के परिणाम, मूल्यांकन एवं क्रियान्वयन के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में 23 फरवरी को टीएल बैठक के उपरांत आयोजित की गयी है . उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है .



### शिविर में जमा कराया गया सम्पत्तिकर

**रीवा,** नगर निगम द्वारा गुरूवार को वार्ड 14 के लिए समान तिराहा कोरियान मोहल्ला एवं वार्ड 15 के लिए रतहरा तालाब के पास शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में सम्पत्तिकर बकाया राशि 470184 रू . एवं जलकर बकाया राशि 124691 रू . जमा कराया गया . 20 फरवरी को वार्ड 19 एवं 20 के लिए कार्यालय नगर निगम टाउन हॉल में शिविर का आयोजन किया जावेगा . गौरतलब है कि शिविर का वार्डवार निरंतर आयोजन किया जाना है . नगर निगम द्वारा वर्तमान वितीय वर्ष में आवासीय घरों पर सम्पत्तिकर में 50 प्रतिशत का छूट दिया जा रहा है . इन शिविरों के माध्यम से आमजनता के नगर निगम के बकाया करों का भुगतान सरलता से कर सकती है . नगर निगम द्वारा अपील किया गया है नगरवासी शिविर में पधारकर शिविर का लाभ अवश्य उठाएं एवं नगर निगम के करों का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बनें .

### बड़े नालो की शुरू हुई सफाई

**रीवा,** स्वच्छ भारत मिशन के तहत निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देश पर नगर निगम के नाला गैंग द्वारा शहर में निरंतर बड़े नाला के साथ ही नालियो की सफाई का कार्य किया जा रहा है . इस क्रम में दिनांक 19 फरवरी को नाला गैंग द्वारा वार्ड क्रमांक 31 अलारख का बड़ा नाला तल्ली से खुदवाकर साफ कराया गया साथ ही कचरे का उठाव टेम्पो द्वारा कराया गया . इसी के साथ नाला गैंग द्वारा वार्ड क्रमांक 07 सिरमौर चैराहा शराब दुकान के सामने से लेकर संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन के सामने तक की बड़ी नाली का चैंबर खुलवाकर कचरे की सफाई कराई गई . इसके साथ ही कचरे के निपटान हेतु कचरा उठाव टैम्पो द्वारा कराया गया . साथ ही अलग अलग वार्डो में लगातार नाला नालिया की सफाई कराई जा रही है . साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किया गया .

### उमंग प्रशिक्षण में दी गई जानकारी

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 06 से 08 तक के माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण विंध्या रिट्रीट में संपन्न हुआ . तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने 84 माध्यमिक शिक्षको को प्रशिक्षित किया . उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम अंतर्गत स्कूल स्तर पर कक्षाओं में उमंग सेसन आयोजित किये जायेंगे .

# आवेदन पत्रों का निराकरण न करने पर दो अधिकारियों को नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 फरवरी, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आवेदन पत्रों का निराकरण समय नही किया जाता.**

कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत तय समय सीमा में आवेदन पत्रों का निराकरण न करने पर दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है. नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी. कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनगवां हेमंत त्रिपाठी को नि:शक्तजन सहायता अनुदान योजना तथा मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना का प्रकरण लंबित रहने पर नोटिस दिया है. कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जवा सुलभ सिंह पुशाम को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के आवेदन में कार्यवाही न करने पर नोटिस दिया है.

# विवि में भूकंप आने पर निबटने का किया गया सजीव प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 फरवरी, भारत सरकार द्वारा रीवा जिले को भूकंप संभावित 'जोन-3' में रखा गया है. इसे देखते हुए अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय परिसर में आपदा प्रबंधन पर एक वृहद मॉक ड्रिल संपन्न हुई.**



एनडीआरएफ की 11वीं बटालियन (वाराणसी) के डिप्टी कमांडेंट कुलदीप सिंह और निरीक्षक प्रवीण कुमार के मार्गदर्शन में 30 जवानों की टीम ने एसडीआरएफ रीवा के पीसी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल की संयुक्त टीम के साथ मिलकर भूकंप के पूर्व, दौरान और बाद में अपनाई जाने वाली जीवनरक्षक सावधानियों का सजीव प्रदर्शन किया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु, एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस बल की उपस्थिति में विशेषज्ञों ने मलबे में दबे लोगों को निकालने, आग पर नियंत्रण पाने और आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा के गुर सिखाए. मॉक ड्रिल के दौरान केवल बचाव कार्य ही नहीं, बल्कि सर्पदंश, चोकिंग (गले में वस्तु फंसना), सीपीआर और फर्स्ट एड जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक लेक्चर और डेमोंसट्रेशन भी दिए गए. विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों और छात्रों को संबोधित करते हुए विशेषज्ञों ने बताया कि आपदा के समय घबराने के बजाय सही तकनीक और तत्परता से जनहानि को न्यूनतम किया जा सकता है.

# शहर में धमाचौकड़ी मचा रहे आवारा गौवंश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 फरवरी, ग्रामीण क्षेत्रो में जहा आवारा गौवंश किसानो की फसलो को चौपट कर रहे है. वही शहर के अंदर आवारा गौवंश धमाचौकड़ी मचा रहे है.**



शहर की गलियों से लेकर मुख्य मार्गो में घूमते हुए देखे जा सकते है. शहर के सबसे व्यस्त शिल्पी प्लाजा में भी आवारा गौवंश घूमते रहते है और खरीददारी के लिये आने वाले लोगो को खदेड़ लेते है. नगर निगम की जिम्मेदारी है कि आवारा गौवंश को पकड़ कर गौशाला तक पहुंचाए. इसके अलावा जो पशु पालक अपने गौवंश को सड़को में छोड़ रहे है उन्हे चिन्हित कर जुर्माना की कार्यवाही की जाय. लेकिन कही भी जुर्माने की कार्यवाही नही होती है. शहर में कई बैल ऐसे है जो लोगो को अपना शिकार बना रहे है.


प्रकाश चौराहा सब्जी मंडी के अंदर, फोर्ट रोड़, मृगनयनी चौराहा एवं साई मंदिर के सामने अक्सर बैल लोगो को दौड़ा लेता है. कई बार स्थानीय दुकानदारो ने इसे खदेड़ा भी लेकिन फिर उसी स्थान पर पहुंच जाता है. नगर निगम में अगर शिकायत की जाती है तो कोई कार्यवाही नही होती है जबकि गौवंश को पकड़ने की गाड़ी के साथ सभी संसाधन उपलब्ध कराए गये है.

# घर के बाहर खड़ी बोलेरो कार चोरों ने किया पार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 फरवरी, रीवा शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलौहन टोला में बीती रात्रि तकरीबन 1 बजे दो की संख्या में आए नकाबपोश अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़ी बोलेरो वाहन को पार कर दिया. घटना की शिकायत समान थाने में दर्ज कराई गई है.**

घटना के संबंध में वाहन मालिक के परिचित बेलौहन टोला निवासी शैलेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहन मालिक तीर्थ स्थल गए हुए हैं और उनका बोलेरो वाहन घर के बाहर खड़ा हुआ था. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि बीती रात्रि तकरीबन 1 बजे बाइक में सवार दो नकाबपोश युवक आए जिसमें से एक युवक ने बोलेरो के को स्टार्ट कर लेकर चला गया. घटना सीसीटीवी कैमरे में भी नजर आई है पुलिस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर आरोपियों की पता तलाश शुरू कर दी है.



# रीवा संभाग घरों में नल कनेक्शन देने पर विशेष ध्यान दे : अनुराग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 फरवरी, प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा की.**

मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर 31 मार्च के पहले बैंकों के साथ कम से कम दो बैठकें करके स्वरोजगार योजनाओं की शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति कराएं. छोटे-छोटे स्वरोजगार भी आर्थिक उन्नति का बड़ा अवसर देते हैं. प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में लंबित तथा बैंकों द्वारा निरस्त किए गए प्रकरणों की समीक्षा करके इन्हें स्वीकृत और वितरित कराएं.

मुख्य सचिव ने एकल नलजल योजनाओं में प्रदेश में 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है. रीवा संभाग घरों में नल कनेक्शन देने पर विशेष ध्यान दे. हर घर में नल से पानी पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है.

पूर्ण नलजल योजनाओं को समारोहपूर्वक ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करें. वनाधिकार अधिनियम के तहत निरस्त सभी दावों का पुन: पुरीक्षण करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें. अब मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरा हो गया है. राजस्व अधिकारी लंबित दावों का निराकरण करें. बैठक में सकरी बस्तियों में अतिक्रमण हटाकर आवागमन की व्यवस्था तथा सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रभावी उपाय के निर्देश दिए गए. कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र में कमिश्नर बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त मौजूद रहे.

# जीडीसी कॉलेज की छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ खोला मोर्चा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 फरवरी, शासकीय कन्या महाविद्यालय में विभिन्न अनियमितताओं और व्याप्त समस्याओं को लेकर आज छात्राओं ने कालेज प्रबंधन के खिलाफ हल्ला बोला है.**



छात्राओं ने कालेज प्रबंधन के खिलाफ नालेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन पत्र कॉलेज प्राचार्य को सौपा है. इन छात्राओं ने कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती तो वह आंदोलन करने को बाध्य होगी. दरअसल रीवा के कन्या महाविद्यालय में आज छात्राओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए ना सिर्फ नारेबाजी की बल्कि कॉलेज के प्राचार्य को अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन पत्र भी सौपा है. इन छात्राओं ने बताया कि कॉलेज के वॉशरूम में गंदगी का आलम है. यहां पीने के लिए वाटर कूलर तो लगे हैं, लेकिन उन वाटर कूलर में पानी नहीं होता. इसके अलावा लाइब्रेरी में पुरानी किताबों का अंबार लगा हुआ है, जबकि नए सिलेबस की किताबे गायब है. इसके साथ ही सीसी के नाम पर दूर दराज से आने वाली छात्राओं को बार बार बुलाकर परेशान करने साथ के साथ-साथ मनमाना फीस वसूलने का भी छात्राओं ने आरोप लगाया है. इस दौरान महाविद्यालय की छात्राएं मौजूद रही.

### सामान्य सभा की बैठक आज

**रीवा, 19 फरवरी,** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल की अध्यक्षता में 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे से सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई है. बैठक में मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना, पीएचजीएसवाई-4 बैच-2 की प्राथमिक सूची, लोक निर्माण विभाग द्वारा गत 3 वर्षों में स्वीकृत व प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की जाएगी.

# बोर्ड परीक्षा का पेपर लेने थाने पहुंचे भृत्य को पड़ा दिल का दौरा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 फरवरी, रीवा में आज बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी में तैनात शासकीय स्कूल के भृत्य की अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई.**

यह घटना उस वक्त हुई जब भ्रत्य स्कूल के एक शिक्षक के साथ थाने में बोर्ड परीक्षा का पेपर लेने पहुंचा था, तभी थाने में खड़े-खड़े वह जमीन पर गिर गया और अस्पताल पहुंचे ही चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया. दरअसल घटना गुरुवार की आज सुबह रीवा के बैकुंठपुर थाने की है. घटना के संबंध में बैकुंठपुर थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में भ्रत्य के पद पर पदस्थ आदित्य कुमार नामदेव निवासी हरदी आज सुबह स्कूल के ही शिक्षक श्रवण कुमार निगम के साथ बोर्ड परीक्षा का पेपर लेने बैकुंठपुर थाना पहुंचे थे. बताया गया कि जब वह पेपर ले रहे थे तभी सीने में अचानक से दर्द उठा और वह जमीन पर गिर गए. शिक्षक श्रवण कुमार द्वारा आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.